PUBLICATION NAME :	Humara Mahanagar
EDITION :	Mumbai
DATE :	08/12/23
PAGE :	5

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने की कॉरपोरेट्स के साथ साझेदारी

मुंबई। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सहयोग से कॉरपोरेट्स के लिए एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का आयोजन सीएसआर कार्यों के तहत दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए 'सपोर्ट, एक्टिवेट एंड बिल्ड एश्योर्ड लाइवलीहुड्स (सबल - एसएबीएएल)' का निर्माण करने के लिहाज से किया गया था। राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त और विकास निगम, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार के महाप्रबंधक डॉ. विनीत राणा, एसबीआई फाउंडेशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, महाराष्ट्र लघु उद्योग विकास निगम लिमिटेड, मुंबई प्रबंध निदेशक राजेंद्र निंबालकर, आईएएस, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सीजीएम सौम्य चौधरी, ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला, ईडीआईआई में परियोजना विभाग (कॉरपोरेट) के निदेशक डॉ. रमन गुजराल और डीई पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख कॉरपोरेट संस्थाओं के सीएसआर अधिकारियों ने इस अभूतपूर्व बैठक में भाग लिया। इस बैठक में दिव्यांग लोगों की समस्याओं के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।